अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , शनिवार, 20 दिसंबर 2025

PAGE NO IV : MIDDLE

# कूच बिहार ट्रॉफी : ड्रा मैच में 3 अंक पाकर क्वार्टर फाइनल में यूपी

## कोहरे की वजह से चौथे दिन नहीं फेंकी जा सकी एक भी गेंद, पहली पारी में 45 रनों की बढ़त से यूपी टीम को मिले 3 अंक, बंगाल को 1 अंक से संतोष करना पड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में यूपी और बंगाल के बीच कूच बिहार ट्रॉफी का मैच शुक्रवार को समाप्त हो गया। कोहरा प्रभावित मैच के अंतिम यानी चौथे दिन दोपहर बाद अंपायरों ने ड्रॉ के साथ मैच समाप्त होने की घोषणा की। अंपायर पाराशर जोशी और आर राजेश कैनन ने बंगाल के 171 रन के जवाब में पहली पारी में 45 रनों की बढ़त हासिल करने की वजह से यूपी को 3 और बंगाल को 1 अंक दिया। इसी के साथ यूपी ने क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। एलीट ग्रुप डी में 22 अंकों के साथ गोवा के बाद यूपी की टीम दूसरे स्थान पर है।

बरेली क्रिकेट एसोसिएशन ने यूपी के विकेटकीपर बल्लेबाज युवराज को मैन ऑफ द मैच चुना। युवराज ने 107 गेंदों पर 2 छक्कों और 11 चौकों की मदद से 75 रन बनाए। युवराज ने विकेट के पीछे बंगाल के 5 खिलाड़ियों को कैच आउट करने में भी योगदान दिया। बीसीए के संरक्षक एवं एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, बीसीए सेक्रेटरी सीताराम सक्सेना ने मैच रेफरी प्रकाश भट्ट, अंपायर आर राजेश कैनन और पाराशर जोशी, एंटी करप्शन ऑफिसर विजय शर्मा, रेफरी लाइजनिंग ऑफिसर देवेश सिंह, ऑनलाइन स्कोरर तपेश कौशिक, स्कोरर प्रशांत, बोर्ड स्कोरर प्रणव दास, वीडियो एनालिस्ट अभिषेक यादव और जयकीरत सिंह जस्सी, बीसीसीआई क्यूरेटर रविंद्र चौहान, यूपीसीए के पिच क्यूरेटर शिव कुमार को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। आदित्य मूर्ति ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि कोहरा प्रभावित होने के बाद भी जितना समय मिला सभी खिलाड़ियों ने अच्छा क्रिकेट खेला। इस मौके पर ट्रस्ट सलाहकार इंजीनियर सुभाष मेहरा, बीसीए के सेक्रेटरी सीताराम सक्सेना, सीनियर ज्वाइंट सेक्रेटरी ओपी कोहली, ट्रेजरर शहजाद अली, बीसीए उपाध्यक्ष राजेंद्र मनोहर शर्मा, ज्वाइंट सेक्रेटरी राहुल कपूर, चंचल उपाध्याय, राकेश शर्मा, एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला, सीईटीआर के डीन डॉ. शैलेश सक्सेना, सीईटी की वाइस प्रिंसिपल डॉ. ऋतु सिंह, डॉ. सोवन मोहंती, दिनेश दद्दा, डॉ. शोभित सक्सेना, मनोज सिंह, नितिन सक्सेना, अनुज शर्मा, खुशरू अंसारी, शंकर पाल आदि मौजूद रहे।



अंपायर को सम्मानित करते आदित्य मूर्ति और सीताराम सक्सेना। • अमृत विचार



कूच बिहार ट्रॉफी में ड्रा के बाद तीन अंक पाने वाली उत्तर प्रदेश की टीम। • अमृत विचार

### कोहरे ने दर्शकों को किया निराश

बरेली में कूच बिहार ट्रॉफी का तीसरा मैच होने से दर्शकों में मैच देखने के लिए खासी उत्साह था, लेकिन यूपी और बंगाल के मैच को कोहरे ने घेरे रखा। मैच के पहले दिन केवल 17 ओवर का ही खेल हो सका। वहीं मैच के दूसरे दिन पूरे दिन घना कोहरा छाया रहा, इसलिए एक भी गेंद का खेल नहीं हो सका। तीसरे दिन धूप खिली तो 87 ओवर का खेल हुआ। मैच के आखरी दिन भी दर्शकों को मौसम ने निराश किया। चौथे दिन अंपायरों ने मौसम को देखते हुए बिना एक भी गेंद का खेल हुए मैच के समापन की घोषणा कर दी।